11 Ambikapur-pg-1-JACKET_Layout 1 4/11/2025 8:33 PM Page 1

हरिभूमि

# सरगुजा-भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 12 अप्रैल 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]





IZOD | FORCE IX | BLACKBERRYS | Levi's | CRIMSOUNE CLUB FASHION CLOTHING | ARISTU | Beatnik

mufti | madame | JACK & JONES | INDIAN TERRAIN | RAISIN | RARE RABBIT | UNITED COLORS OF BENETTON.

PARK AVENUE | BIBA | indya | Rangriti | GINI & JONY freedom fashions | TWENTY DRESSES

निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड द फैशन मॉल

अम्बिकापुर अम्बेडकर चौक

Ph 07774 230041

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज सभा कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली जिसमें विभागीय योजनाओं एवं क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों की वर्तमान स्थिति, रिक्त पदों, कार्यकर्ताओं की नियुक्ति एवं उनके प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, हमर स्वस्थ लाइका कार्यक्रम, पोषण ट्रैकर एप, गृह भेंट रिपोर्ट तथा 0 से 5 वर्ष के बच्चों की वृद्धि एवं वजन मापन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। साथ ही पूरक पोषण आहार कार्यक्रम के तहत टेक होम राशन वितरण एवं गर्म पका भोजन वितरण की निगरानी व्यवस्था पर भी चर्चा की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की लंबाई एवं वजन मापने के उपकरणों की उपलब्धता की जानकारी ली और आवश्यकता अनुसार संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दी जा रही शैक्षणिक गतिविधियों एवं सुविधाओं की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने सभी पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि वे समय-समय पर केंद्रों का निरीक्षण करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत मिलने पर तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सुकन्या समृद्धि योजना, महतारी वंदन योजना, बाल विवाह के विरुद्ध अभियान, पालना केंद्र, सखी वन स्टॉप सेंटर, नवा बिहान योजना एवं एकीकृत बाल संरक्षण योजना की प्रगति की समीक्षा की वनम आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### मासूम से अनाचार के विरोध में कैंडल मार्च

**रायगढ़।** दुर्ग में यादव समाज की मासूम बच्ची के साथ अनाचार करके नृशंस हत्या कर दी गई जिसका प्रतिकार करते हुए रायगढ़ यादव समाज के द्वारा गांधी प्रतिमा के पास मोमबत्ती जलाकर इस दुखद घटना का विरोध किया गया तथा उक्त अपराधी को इस घिनौना कृत्य के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग की गई। जिसमें उपस्थित यादव समाज के जतीराम यादव, बीपी गोपाल, गणेश यादव, शाखा यादव, राम यादव, अनिल यादव, जय किशन यादव, संतोष यादव, आशीष यादव, श्रीपाल यादव, अजीत यादव, त्रिलोचन यादव, रमेश यादव, रमेश यादव, दुर्गेश यादव, एवं महिला प्रमुख श्रीमती संगीता यादव, नीलू यादव आदि शामिल रहे।

## विक्षोभ के प्रभाव से लगातार बदल रहा मौसम

# दिन में निकली चिलचिलाती धूप शाम को अंधड़ के साथ बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले तीन दिनों से जारी अंधड़ एवं बेमौसम बारिश से फिलहाल राहत मिलने की संभावना नहीं है।

**खास बात**
- बेलखरिखा क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि

खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर, पूर्वोत्तर भारत के ऊपर सक्रिय आधा दर्जन चक्रवाती परिसंचरण एवं अलग अलग क्षेत्रों में 4 द्रोणिका के साथ सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आगामी दो दिनों तक इसी तरह का मौसम रहने की संभावना है। वातावरण में नमी की मात्रा बढने एवं तापान्तर के कारण शुक्रवार को शाम तेज रफ्तार से आंधी चली तथा गरज चमक के साथ वर्षा हुई।

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर समुद्र की ओर मुड़ गया है जिसके कारन उसका ज्यादा प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है लेकिन लो प्रेशर के प्रभाव से वातावरण में पर्याप्त नमी मौजूद है। अभी भी खाड़ी से लगातार नमी युक्त गर्म हवाएं पहुंच रही है वहीं उत्तर पश्चिम से विक्षोभ की ठंडी हवाएं मध्य भारत में टकरा रही है जिससे गरजने वाले बादल के साथ ही स्थानीय स्टार पर चक्रवाती परिसंचरण तैयार हो रहा है। दिन में चिलचिलाती धूप निकलने के कारण शाम में गरजने वाले स्थानीय बदल बन रहे है जिसके कारण शाम में धूल भरी आंधी चलने के साथ ही गरज चमक के साथ बारिश हो रही है। शुक्रवार को पूरे दिन चिल चिलाती धूप निकलने के बाद शाम में आसमान पर घने बादल छाए तथा तेज रफ्तार से धूल भरी आंधी चली। मौसम विज्ञानी इस दौरान 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान लगा रहे है। अंधड़ के कारण सुरक्षा की दृष्टि से विभाग ने विद्युत आपूर्ति ठप कर दी। हवा की रफ्तार कम होने पर विद्युत आपूर्ति सुचारू हुई। मौसम विज्ञानी शनिवार को विक्षोभ के कमजोर होने के बाद मौसमी गतिविधियों में कमी आने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम में आए बदलाव के कारण गुरुवार को जिला मुख्यालय बलरामपुर सहित आस पास के क्षेत्रों में ओलावृष्टि होने की सूचना है वहीं शुक्रवार को बेलखरिखा मार्ग में ओले गिरने के साथ ही अच्छी वर्षा हुई है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि शनिवार को विक्षोभ के कमजोर पड़ने की संभावना है।


बारिश के दौरान सूनसान सड़क।

### गर्मी से मिली राहत

पिछले कुछ दिनों से दिन में चिलचिलाती धूप निकल रही है वहीं शाम में आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही धूल भरी आंधी चल रही है, साथ ही गरज चमक के साथ वर्षा हो रही है। खाड़ी की गर्म एवं विक्षोभ की ठंडी हवाएं टकराने से तापान्तरण की स्थिति निर्मित होने के कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हो रही है। मौसम में हो रहे बदलाव को तापमान से समझा जा सकता है। मौसम कार्यालय द्वारा सुबह 8.30 बजे तापमान 25.6 डिग्री तथा 11.30 बजे 31.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान तेज धूप के कारण 1 बजे पारा 37.0 डिग्री एवं 2.30 बजे गिरकर 35.0 डिग्री पहुंच गया। बादलों की सक्रियता बढ़ने पर शाम 5.30 बजे 33.4 डिग्री एवं शाम 7.30 बजे 30 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

### दो दिनों से बदला मौसम का तेवर, आंधी तूफान के साथ हुई बारिश

प्रतापपुर। नगर में लगातार दूसरे दिन आंधी तूफान के साथ जमकर बारिश बारिश हुई वहीं ग्रामीण क्षेत्र में कहीं कहीं बूंदाबांदी के साथ ओलावृष्टि देखने को मिला। लगातार दूसरे दिन मौसम का तेवर बदल जाने से अब मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। दिन में उमस भरी गर्मी के बाद अचानक मौसम के बदल जाने तथा आंधी तूफान के साथ बारिश होने से छोटे बच्चों में सर्दी खांसी एवं बुखार के लक्षण शुरू हो गया है वहीं बड़े लोगों में भी वायरल फीवर सहित कई अन्य बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर बेमौसम बारिश होने से सांप, बिछी का भी खतरा बढ़ गया है। गर्मी और बारिश की वजह से सांप बिछी सहित जहरीले जीव जंतु घरों में घुस जा रहे हैं। तेज आंधी तूफान आने से लोगों के फ्लेक्सी बोर्ड के अलावा कई जगह पेड़ पौधे के डाल टूटकर गिर गए है। आज दूसरे दिन भी मौसम का मिजाज बदल गया और तेज हवा के साथ में क्षेत्र में जमकर बारिश हुई। बढ़ती गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिला। लेकिन बारिश बंद होने के बाद लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हो गए। बताया जा रहा है कि प्रतापपुर विकासखंड के कई क्षेत्र में बारिश हुई है।



# उप पंजीयक कार्यालय बाबू के भरोसे रजिस्ट्री कराने दलाल सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

उप पंजीयक कार्यालय बाबू के भरोसे संचालित हो रहा है जो अब अवैध उगाही व कमीशन खोरी का अड्डा बन गया है। हैरानी की बात तो यह है कि पूर्व उप पंजीयक के तबादला के बाद भी रिक्त पद पर उप पंजीयक कार्यालय बाबू के भरोसे संचालित है। ऐसे में मनमानी तरीके से फीस के अलावा राशि लेने से लोगों में आक्रोश है।

- अनाप-शनाप दर पर बेच रहे हैं स्टांप

छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित कमीशन के अनुसार स्टांप बेचने की अनुमति होती है। जिसे बाकायदा लाइसेंस प्राप्त हो। कार्यालय में स्टांप विक्रेता व दलाल इस कदर सक्रिय है जो लोगों से अनाप-शनाप रेट पर स्टांप की बिक्री करते हैं। शासन के निर्धारण अनुसार स्टांप बिक्री की अनुबंध होती है। इधर 10, 20 तथा 100 के स्टाप को दो से तिगुना दर पर बेचा जाता है। रोजाना लाखों रुपए का स्टांप में अनाप-शनाप दर लगाकर रजिस्ट्री एवं स्टांप की खुलेआम बिक्री की जा रही है। ऐसे में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने के कारण उनके हौसले बुलंद है और लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि इसकी शिकायत राजस्व विभाग में पीड़ितों द्वारा नहीं की गई है लेकिन आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी। जमीन रजिस्ट्री कराने पहुंचे लोगों ने बताया कि जमीन रजिस्ट्री के अलावा अन्य कई प्रकार की अलग से सेवा फीस ली जाती है। और डिसमिल के हिसाब से 5 से 20 हजार तक की वसूली की जाती है।

### की जाएगी कार्रवाई

इस मामले में जांच कराई जाएगी। जांच के पश्चात मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। लोगों को स्टॉप शासन के निर्धारित दर से बेचने पाए जाने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी रजिस्टार बाबू से जवाब तलब करती हूं।

-ललिता भगत
एसडीएम प्रतापपुर

## चचेरी बहन ने ही नाबालिग को अनजान युवक के साथ भेजकर कराया दुष्कर्म

**लखनपुर।** रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना में चचेरी बहन ने नाबालिग को अनजान युवक के साथ भेज दिया। आरोपी युवक ने युवती को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। अब इस मामले में पुलिस ने आरोपी महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली नाबालिग लकड़ी अपने चचेरी दीदी के साथ किराए के मकान में रहती थी। नाबालिग को पूर्व में ही एक जान पहचान के युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस बीच 9 अप्रैल को उसकी चचेरी बहन सुरजपति ने आकर बताया कि उसके मोबाइल फोन पर गांव से किसी का फोन आया था और उसने मिलने के लिए बुलाया है। जब नाबालिग लड़की उक्त व्यक्ति से मिलने के गई तो उसने पुरानी जान पहचान होने की बात कहकर अपने बाइक पर बैठा लिया और रोड किनारे एक नवनिर्मित मकान में ले गया। इस दौरान युवती ने अज्ञात युवक से उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम राधेश्याम गुप्ता बताया और नाबालिग को जान से मारने की धमकी देकर जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।



## गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए भी करें पानी की व्यवस्था

**कटेली।** गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं भी मांग कर पी लेता हैए लेकिन मूक पशु पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है। समाज सेवी बसंती बाघे ने बरमकेला जंगलों में पंछियों को पानी पिला कर यह संदेश देने की प्रयास किया है। ई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास जंगल व घरों के आस पास उड़ने वाले परिंदों की प्यास बुझाकर उनकी जिंदगी बचा सकता है। सुबह आंखें खुलने के साथ ही घरों के आस.पास गौरेया, मैना व अन्य पक्षियों की चहक सभी के मन को मोह लेती है। घरों के बाहर फुदकती गौरेया बच्चों सहित बड़ों को भी अपनी ओर आकर्षित करती है और जंगलों में इनकी आवाज बहुत सुंदर लगती है। गर्मियों में घरों के आसपास इनकी चहचहाहट बनी रहे। इसके लिए जरूरी है कि लोग पक्षियों से प्रेम करें और उनका विशेष ख्याल रखें। जिले में गर्मी बढऩे लगी है। यहां का तापमान बहुत बड़ने लगी है। आने वाले सप्ताह और जेठ में और अधिक गर्मी पडऩे की संभावना है। गर्मी में मनुष्य के साथ.साथ सभी प्राणियों को पानी की आवश्यकता होती है। मनुष्य तो पानी का संग्रहण कर रख लेता हैए लेकिन परिंदे व पशुओं को तपती गर्मी में यहां.वहां पानी के लिए भटकना पड़ता है। पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते हैं।



















तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 12 अप्रैल 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


2 दूसरे दिन भी गरज के साथ हुई बारिश




Chaitanya NEET Academy

कम फीस में, बेहतर शिक्षा डॉ बनने का सपना पूरा करें

ADMISSION OPEN

NEET Dropper Batch

CRASH COURSE | DROPPER COURSE | FOUNDATION COURSE

अम्बिकापुर : बनारस रोड सुभाषनगर अम्बिकापुर (छ.ग.)
बिलासपुर : ईदगाह चौक, शिशु भवन के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
रायपुर : महादेव घाट चौक के पास, रायपुरा, रायपुर (छ.ग.)
जगदलपुर : LIC ऑफिस के पास चित्रकूट रोड, धरमपुरा । व., जगदलपुर (छ.ग.)

9202462730


## खबर संक्षेप

### डॉ. अम्बेडकर जयन्ती 14 को, बंद रहेंगे पशुवध गृह

**अंबिकापुर।** नगर पालिका निगम आयुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय शासन विभाग के आदेशानुसार 14 अप्रैल को डॉ. अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर पशुवध गृह बन्द रखे जाएंगे। उन्होंने समस्त मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी विक्रेताओं को सूचित किया है कि डॉ. अम्बेडकर जयन्ती पर मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी का वध एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने उपरोक्त तिथि को पशु वध एवं मांस विक्रय न किए जाने के निर्देश दिए हैं।

### सेजेस विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन 5 मई तक

**अंबिकापुर।** जिले में सत्र 2025-26 में 14 स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तथा 4 स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय संचालित है। इन समस्त विद्यालयों में सत्र 2025-26 में छात्र-छात्राओं को एडमिशन हेतु सेजेस पोर्टल में 10 अप्रैल से प्रारंभ कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों माध्यम से किया जा सकता है। प्रवेश हेतु समय सारणी निर्धारित की गई है, जिसमें प्रवेश हेतु आवेदन तिथि 10 अप्रैल से 5 मई तक, अधिक आवेदन की स्थिति में लाटरी के माध्यम से सीट आबंटन 6 से 10 मई तक, प्रवेश की अन्य आवश्यक कार्यवाही 11 से 15 मई तक निर्धारित किया गया है।

### पेड़ से टकराया हाइवा चालक की मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम सुखाड़ के समीप तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में गंभीर हुए चालक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम दुरती निवासी राज कुमार आ. तिलकधारी (32 वर्ष) गत दिन हाइवा क्रमांक सीजी 15 ईसी 3745 से भटगांव कोयला लोड कराने जा रहा था। जैसे ही चालक वाहन लेकर ग्राम सुखाड के समीप पहुंचा तभी वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### युवक फूल दुकान में करता था काम

# युवक की हत्या कर शव को फेंका नाले में, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नमना कला झंझटपारा में आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब नाला में एक युवक का शव मिला। शव किसी और का नहीं बल्कि नाला के बगल स्थित फूल दुकान संचालक के गोदाम में रहकर काम कर रहे युवक था। मृतक के सिर व चेहरे में गंभीर चोट के निशान पाए गए जिससे हत्या कर नाले में फेंकने की संभावना जताई जा रही है वहीं मृतक के साथ सो रहे दुकान संचालक का छोटा भाई घटना के बाद से फरार है। पुलिस ने फूल दुकान संचालक को हिरासत में लेकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

**खास बात**

- घटना के बाद से फरार है दुकान संचालक का छोटा भाई

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम खजुरी नवानगर निवासी जुगनू यादव उर्फ मनबोध यादव आ. धनुष देव यादव (25 वर्ष) पिछले सात साल से नमनाकला झंझटपारा निवासी निवासी बिरबल यादव के गोदाम की रखवाली करने के साथ सरस्वती शिशु मंदिर समीप फूल दुकान में काम करता था। पुलिस के मुताबिक बीती रात जुगनू यादव, संजू यादव सहित पांच लोग बीरबल के घर भोजन किए। रात लगभग 11 बजे जुगनू व संजू घर के पास स्थित गोदाम में सोने चले गए। आज सुबह मोहल्ले के ही रोशन केसरी, नीलकंठ ने फूल गोदाम से लगे नाला में ओधे मुंह पड़े शव को देखा तथा घटना की सूचना वार्ड पार्षद सहित मोहल्ले के लोगों को दी। इधर सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच जांच की। जांच में पता चला कि मृतक के साथ सो रहा दुकान संचालक का छोटा भाई संजू रात से ही गायब है वहीं गोदाम में जगह-जगह खून के धब्बे तथा मृतक के सिर व चेहरे में गंभीर चोट के निशान होने पर पुलिस ने हत्या की आशंका पर जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिंग एक्सपड भी मौके पर पहुंच जांच की और ईट व लोहे के रॉड में खून के निशान पाए गए। बहरहाल पुलिस ने पंचनामा पश्चात शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा फूल दुकान संचालक बिरबल यादव को हिरासत में लेकर उसके छोटे भाई संजू यादव की तलाश शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि दुकान संचालक का भाई झारखंड फरार हो गया है जिसे गिरफ्तार करने पुलिस टीम रवाना हो गई है।



घटना स्थल पर लोगों की भीड़, इनसेट में मृतक।

#### शव ले जाने से किया इनकार

पंचनामा पश्चात पुलिस ने शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। इधर मृतक के चाचा इंद्रजीत यादव सहित परिजन ने आरोपी की गिरफ्तारी तथा फूल दुकान संचालक को उसके सामने लाने और किस कारण हत्या की गई इस संबंध में बताने की मांग करने लगे। पुलिस ने परिजन को समझाइश दी परंतु परिजन नहीं माने और पीएम के बाद भी लगभग तीन घंटे तक शव अपने सुपुर्द नहीं दिया। हालांकि पुलिस के आश्वासन पर शाम को शव लेकर चले गए।

#### बिस्तर में मिले तीन दांत व हड्डी

परिजन ने बताया कि युवक की नृसंग हत्या की गई है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि युवक के सिर व चेहरे ईट से कुचले गए थे। मृतक के बिस्तर में टूटे तीन दांत व दो हड्डी पाए गए है जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि युवक के साथ किस बेरहमी के साथ मारपीट किया गया था।

#### आरोपी की तलाश जारी

झंझटपारा स्थित नाला में युवक का शव मिला है। जिसकी हत्या की गई है। मृतक के साथ गोदाम में सो रहे युवक फरार है। पुलिस टीम द्वारा जांच करने के साथ आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

# बढ़ी भूमि पंजीयन की संख्या लेकिन इस बार भी पूरा नहीं हुआ लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



भूमि पंजीयन के लक्ष्य को पूर्ण करने में इस बार भी सरगुजा पिछड़ गया है। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना भूमि पंजीयन में वृद्धि हुई है लेकिन इसके बाद भी निर्धारित लक्ष्य की तुलना में महज 62.32 प्रतिशत राजस्व की प्राप्ति हुई है। आय में कमी के पीछे की प्रमुख वजह कुछ इंडस्ट्रियल स्टेब्लिशमेंट के मामलों का पेंडिग होना बताया जा रहा है। चालान जमा होने के बाद बड़े भूखंडों की रजिस्ट्री होगी लेकिन वे अब इस नए वित्तीय वर्ष में शामिल होंगे।

- 6 हजार 912 रजिस्ट्रियां हुई, शासन को 37 .39 करोड़ राजस्व की प्राप्ति

दरअसल पंजीयन कार्यालय को प्रतिवर्ष भूमि पंजीयन के माध्यम से राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य शासन दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरगुजा को 60 करोड़ का लक्ष्य था दिया गया था। उप पंजीयक कार्यालय में इस बार 6 हजार 912 रजिस्ट्रियां हुई है और इन रजिस्ट्रियों से शासन को 37 करोड़ 39 लाख 29 हजार 754 आय प्राप्त हुआ है जो निर्धारित लक्ष्य का 62.32 प्रतिशत है। वहीं अगर पिछले वित्तीय वर्ष की बात की जाए तो वर्ष 2023-24 में उप पंजीयक कार्यालय में 6 हजार 809 रजिस्ट्रियां हुई है और इन रजिस्ट्रियों से शासन को 29 करोड़ 33 लाख 83 हजार 417 रूपए के आए की प्राप्ति हुई थी। ऐसे में इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 103 भूमि पंजीयन अधिक हुए है लेकिन और आय प्राप्ति में 27. 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है लेकिन इस उछाल के बाद भी सरगुजा में शासन द्वारा निर्धारित 60 करोड़ का लक्ष्य पूर्ण नहीं हो पाया है। निर्धारित लक्ष्य की तुलना में कम पंजीयन होने के पीछे कई कारण बताए जा रहे है। सबसे बड़ी बात यह है कि राजपुर में भी उप पंजीयक कार्यालय खुल गए है और राजपुर, कुसमी-सामरी क्षेत्र के लोग भूमि पंजीयन के लिए अब राजपुर स्थित कार्यालय ही जाते है जबकि इसके पहले बलरामपुर जिले से भी लोग भूमि पंजीयन के लिए सरगुजा आते थे यही कारण है जिले में पंजीयन की संख्या में कमी आई। इसके साथ ही अधिकारियों का कहना है कि कुछ औद्योगिक भूमि से जुड़े बड़े पंजीयन होने है लेकिन चालान पेंडिंग होने के कारण पंजीयन नहीं हो पाया। दस्तावेजों की जांच व चालान की प्रक्रिया पूर्ण होने पर पंजीयन होंगे तो राजस्व में वृद्धि होगी लेकिन अब ये पंजीयन नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में गिने जाएंगे।

#### लगातार हो रहे है पंजीयन

भूमि पंजीयन में निर्धारित लक्ष्य की तुलना में शासन को 37 करोड़ 39 लाख 29 हजार 754 आय प्राप्त हुआ है। कुछ इंडस्ट्रियल स्टेबलिसमेंट से जुड़े प्रकरण पेंडिंग रह गए जिससे लक्ष्य में कमी आई। इसके बाद भी पिछले वर्ष की तुलना में पंजीयन की संख्या में वृद्धि आई है और लगातार पंजीयन हो रहे है। ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की सुविधा मिलने से लोगो को राहत मिली है।।

-अल्बर्ट कुजूर, उप पंजीयक सरगुजा

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार मवेशियों की मौत

**बतौली/सेदम।** बतौली क्षेत्र में देर शाम तेज गरज चमक के साथ बेमौसम बारिश हुई। लगातार हो रही बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से चार मवेशी चपेट में आ गए जिससे चारों मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी अनुसार बतौली के दुरस्त पहाड़ी क्षेत्र गोविंदपुर निवासी शिवकुमार बड़ा के एक जोड़ी बैल घर के सामने पेड़ के नीचे खड़े थे तभी अचानक तेज गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी जिसके चपेट में आने से दोनों मवेशियों की मौत हो गई। इसी प्रकार चिपरकाया मूर्ताडांड निवासी तुलसी यादव और रामचंद्र यादव के एक एक गाय पर बिजली गिर गई जिससे 2 गाय और 2 बैल की मौत हो गई। मवेशियों के आकाशीय बिजली करने तथा मौत हो जाने पर अब किसानों को अपनी रोजी रोटी की समस्या सताने लगी है। इस संबंध में बतौली तहसीलदार तारा सिदार ने बताया कि किसान द्वारा थाना और पशुपालन विभाग को सूचना दें ताकि आगे की प्रक्रिया पूरी कर किसानों को राहत राशि प्रदान किया जाएगा।

# कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी ने चौपाल लगा सुनी ग्रामीणों की समस्या, गांव चलो-बस्ती चलो अभियान की शुरूआत



**भैयाथान।** कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने गांव चलों, बस्ती चलो अभियान की शुरूआत भटगांव विधानसभा के ग्राम पंचायत बसकर से प्रारंभ की। इस दौरान उन्होंने गांव के चार मोहल्लों में चौपाल लगाकर सरकार की उपलब्धियां बताई तथा लोगों की समस्याएं सुनी व उन्हें पूर्ण करने का भरोसा दिया। ग्राम पंचायत बसकर के बाजारपारा, बरगाहपारा, नागमुड़ा, डालाबहरा में पहुंचकर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने गांव चलो, बस्ती चलो अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि भाजपा 10 से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान चला रही है। अभियान की शुरूआत भैयाथान मंडल के ग्राम बसकर से होना गौरव की बात है। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि अभियान का उद्देश्य पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना और आमजन की समस्या को सुनकर उसका समाधान करना है। अभियान में पार्टी के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता गांव की चौपालों में जाकर लोगों से सीधा संवाद कर सरकार की उपलब्धियां बता लोगों की बातों को सुनेंगे। उन्होंने सभी की बातें ध्यानपूर्वक सुनी और समयावधि में समाधान करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने आगे कहा कि आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहना ही हमारा कर्तव्य है और यही हमारी राजनीति का मूल मंत्र भी है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैकरा व उपाध्यक्ष रेखा राजवाड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष मार्तंड साहू ने भी संबोधित किया। चौपाल में ग्रामीणों ने आजादी पूर्व बनी बसकर बाजार गोविंदगढ़ पहुंच मार्ग का डामरीकृत कराने, नरवापारा पहुंच मार्ग पर पुलिया निर्माण, प्राथमिक शाला स्कूल भवन परिसर से बेजा कब्जा हटाने, नागमुड़ा, डालाबहरा, बरगाहपारा व ग्राम देवालय के समीप हैंडपंप खनन कराने, बरगाह पारा व डालाबहरा मोहल्ले में सीसी सड़क निर्माण की मांग की। कार्यक्रम का संचालन शांतनु गोयल ने किया। इस दौरान रामाशंकर यादव, लालचंद्र शर्मा, शिव पाण्डेय, अमन प्रताप सिंह, राकेश पाठक, संदीप दुबे, रामरूप देवांगन, परमेश्वर यादव, पुरूषोत्तम साहू, ललिता सिंह, बकट प्रताप सिंह, धनेश्वर सिंह, मिथलेश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

# जानलेवा हमलाकर कार चालक को पहुंचाया कोमा में, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कार चालक के साथ मारपीट और जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस दो आरोपियों को पकड़ा है। उत्पाती युवकों ने ना सिर्फ कार चालक के साथ मारपीट की बल्कि उसके पुत्र को पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद गम्भीर कार चालक फिलहाल कोमा में है और उसका उपचार जारी है। पुलिस ने आरोपियों को हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

- हत्या का प्रयास मामले में की गई कार्रवाई, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

बताया जा रहा है कि प्रतापपुर नाका खाल पारा निवासी तुषार सिंह का पैतृक निवास खड़गवां कला में है। 14 मार्च को तुषार सिंह के पिता संत लाल सिंह अपनी फोर्ड ईको स्पोर्ट कार क्रमांक सीजी 10 एबी 8933 से अपने पैतृक गांव गए हुए थे। गांव से वापस आते समय संत लाल सिंह की कार शाम लगभग 5.30 बजे सकालो मंडी के समीप पंक्चर हो गई थी। गाड़ी पंक्चर होने पर संत लाल सिंह ने अपने पुत्र तुषार सिंह को फोन कर बुलाया था। युवक जब स्कूटी से अपने पिता के पास पहुंचा तो देखा कि चार से पांच लोग उसके पिता के साथ गाली गलौज कर रहे थे इसी दौरान काले रंग की बुलेट क्लासिक बाइक से गोविन्द उरांव, विनोद प्रजापति समेत तीन लोग आए और गाली गलौज करते हुए संत लाल सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने संत लाल सिंह को उठाकर सड़क पर पटक दीया जिससे उनके मुंह और सिर के पिछले हिस्से से खून निकलने लगा और संत लाल सिंह बेहोश हो गए। मारपीट के बाद आरोपी वहां से भाग खड़े हुए। इस दौरान तुषार सिंह ने फोन कर अपने चाचा को घटना की जानकारी दी। जब युवक के चाचा मौके पर पहुंचे तो संत लाल सिंह को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पिता को अस्पताल भेजने के बाद तुषार सिंह स्कूटी से अस्पताल जा रहा था तो पुनः आरोपी लौट आए और तुषार सिंह को घेरकर गाली गलौज करते हुए कहा कि यदि वह घटना की शिकायत पुलिस से करता है तो उसे जान से मारकर फेक देंगे। इस घटना के बाद घायल संत लाल सिंह का उपचार निजी अस्पताल में जारी है और फिलहाल संतलाल सिंह कोमा में है। युवक ने इस घटना की शिकायत 16 मार्च को गांधीनगर पुलिस से की थी। शिकायत की जांच के दौरान पुलिस ने सरगवां स्कूल पारा निवासी अनुराग सिंह को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने सरगवां निवासी 36 वर्षीय गोविन्द मिंज आ. आत्मा बोस व सकालो कोतलापारा निवासी 40 वर्षीय विनोद प्रजापति आ. अशोक प्रजापति को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी गोविन्द मिंज के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कड़ा जब्त करने के साथ ही आरोपियों को बीएनएस की धारा 296, 352(3), 115(2), 3(5), 109(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना गांधीनगर से उनि रश्मि सिंह, साइबर सेल प्रभारी शिशिरकान्त सिंह, उनि नवल दुबे, सउनि वीरेंद्र कुजूर, आरक्षक केवल साहू, कशमुद्दीन अंसारी, रामकेश्वर, घनश्याम देवांगन सक्रिय रहे।






रॉंची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ



डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)

पागलपन ✓ घबराहट ✓ शक ✓ डर ✓ उदासी (डिप्रेशन)
मिर्गी ✓ सरदर्द ✓ बार बार हाथ धोना ✓ नशा ✓ नींद नहीं आना
लकवा एवं नसों से संबंधित बीमारियों के उपचार एवं परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे

बच्चों में मनोरोग संबंधित परेशानी
पढ़ाई में ध्यान न लगना ✓ अधिक शरारती होना
✓ सामान तोड़फोड़ करना ✓ दिमाग में कमजोरी महसूस होना

यहाँ माथा EEG जांच की सुविधा उपलब्ध है

दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार

नोटः डॉ. साहब प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
प्रतिदिन विडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध

प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो.- 9713667433, 9617247433

## खबर संक्षेप

### डॉ. अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर होगा कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती पर 14 अप्रैल को विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सूर्यवंशी महासभा छग के सरगुजा संभाग अंतर्गत भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। उक्त सभा के द्वारा 14 एवं 15 अप्रैल को शोभायात्रा के साथ डॉ.भीमराव अम्बेडकर का प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जानकारी के अनुसार डॉ.भीवराव अम्बेडकर के जयंती के अवसर पर 14 अप्ररैल को कोरिया जिले के पुसला, कटगोड़ी, सोनहत एवं बुढ़ार में तथा 15 अप्रैल को सूरजपुर जिले के रामानुजनगर जनपद अंतर्गत ग्राम परशुराम में विशाल शोभयात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही कोरिया जिले के ग्राम पुसला तथा सूरजपुर जिले के ग्राम परशुरामपुर में डॉ.अम्बेडकर का प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### लो वोल्टेजः पार्षद ने विभाग को सौंपा पत्र

**वेस्ट चिरमिरी।** नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 4 मौलाना आजाद वार्ड में लंबे समय से जारी लो वोल्टेज की समस्या को लेकर पार्षद एवं अपील समिति सदस्य गुलाम साबिर ने विद्युत विभाग को पत्र सौंपते हुए शीघ्र निराकरण की मांग की है। पार्षद ने पत्र में उल्लेख किया है कि छग राज्य विद्युत मंडल द्वारा गाड़ाबुड़ा ट्रांसफार्मर से मेनरोड पोड़ी तक जो सर्विस तार लगाया गया है, उसमें केवल दो फेस ही चालू हैं। इस तकनीकी खामी के कारण वार्ड के अधिकांश हिस्सों में लगातार लो-वोल्टेज की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुलाम साबिर ने कहा कि लो-वोल्टेज की वजह से मोबाइल, फ्रिज, पंखा, मोटर जैसे कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बार-बार खराब हो रहे हैं, इसके चलते लोगों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि यदि उक्त सर्विस लाइन को तीन फेस में परिवर्तित कर दिया जाए तो यह समस्या स्थायी रूप से दूर हो सकती है। पार्षद ने विभाग से आग्रह किया है कि वे इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक तकनीकी कार्रवाई करें।

### 85 यात्रियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर के आदेशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. एल्विना ग्रेस टोप्पो के मार्गदर्शन में 10 अप्रैल को रेलवे स्टेशन बैकुंठपुर में तीर्थ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 85 तीर्थयात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें औषधीय गुणों से युक्त स्वास्थ्यवर्धक काढ़ा वितरित किया गया। यात्रियों ने काढ़े का सेवन कर लाभ लेने के साथ-साथ प्रशासन की इस पहल की सराहना की। शिविर में बीपी, शुगर की जांच के साथ-साथ गैर संचारी रोगों (एनसीडी) की जानकारी भी दी गई। यह शिविर आयुष विभाग जिला चिकित्सालय कोरिया के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में डॉ. बीआर नायक, डॉ.प्रमोद सिंह नगर, डॉ. रमाकांत कुर्रे (योग एवं नेचुरोपैथी), फार्मासिस्ट डागेश्वर साहू, पूर्ण चंद्र नाहक, जितेन्द्र जितेंद्र बस्तियां एवं श्रीराम रामनाथ की सक्रिय सहभागिता रही।

### 14 को ग्रामसभा में होगा ग्रामीण सामाजिक अंकेक्षण

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में आगामी 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली अनिवार्य ग्राम सभा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत होने वाले सामाजिक अंकेक्षण की जानकारी ग्रामीणों को दी जाएगी। इस आशय का निर्देश जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने दिया है, जिसके पालन में सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र भी जारी किया गया है। इस संबंध में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत जिले में रोजगार मूलक कार्यों के माध्यम से ग्रामीणों को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। योजना की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में वर्ष में दो बार सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा कराए गए कार्यों की जांच, समीक्षा एवं श्रमिकों से संवाद किया जाता है। इस प्रक्रिया में पंजीकृत श्रमिकों के साथ-साथ आम ग्रामीण भी शामिल होकर अपने गांव में हुए कार्यों की जानकारी ले सकते हैं और यदि कोई समस्या या आपत्ति हो, तो उसे दर्ज भी करा सकते हैं। सीईओ डॉ.चतुर्वेदी ने बताया कि अंबेडकर जयंती पर आयोजित ग्राम सभा में पुनः सभी ग्रामीणों को सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया, उसकी उपयोगिता और भागीदारी के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

**सुशासन तिहार** जनपदों से आए बड़ी संख्या में आवेदन, प्राप्त आवेदनों का होगा एक माह के भीतर समाधान

# तीन हजार ऑनलाइन समेत कोरिया में मिले 41 हजार आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर






आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान और उनसे रूबरू मुलाकात के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर प्रदेश स्तर पर सुशासन तिहार मनाया जा रहा है जोकि 8 अप्रैल से 31 मई तक चलेगा।

ज्ञात हो कि तीन चरणों में चलने इस तिहार में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कोरिया जिले में 40 हजार 613 आवेदन प्राप्त किए गए हैं। छग शासन के निर्देश पर जिले में चल रहे सुशासन तिहार में कोरिया की जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। सुशासन तिहार के पहले चरण में अब तक जिलेभर से 40 हजार 613 आवेदन जमा किए गए हैं, संख्या और बढ़ने की संभावना है। इनमें से अधिकांश आवेदन सीधे शिविरों के माध्यम से आए हैं, जबकि ऑनलाइन माध्यम से महज 3 हजार 137 आवेदन ही पहुंचे। मिली जानकारी के मुताबिक शाम 5 बजे तक सोनहत जनपद पंचायत से 7500, बैकुंठपुर विकासखंड़ से करीब 28 हजार, बैकुंठपुर नगर पालिका क्षेत्र से 330 शिवपुर-चरचा से 576 और पटना नगर पंचायत से 1070 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब इन आवेदनों का निराकरण एक माह के भीतर किया जाएगा। प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेल्पलाइन नंबर जारी किया था। इसके साथ ही बुजुर्गों, दिव्यांगों, गर्भवती महिलाओं और दूरस्थ ग्रामीणों तक पहुंचने के लिए सुशासन संगवारी को लगाया गया। उन्होंने घर-घर जाकर आवेदन जमा करवाने में मदद की। जिला प्रशासन की ओर से शुरू की गई सुशासन ऑन व्हील योजना ने दूर-दराज के गांवों तक पहुंचकर आवेदन लिए। वहीं सुशासन गीत के जरिए आम लोगों में अभियान को लेकर जागरूकता फैलाई गई। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की यह पहल आम जनता तक योजनाओं और समाधान की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। सभी आवेदनों का त्वरित और नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। सीईओ जिपं डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि प्राप्त आवेदनों का तेजी से निपटारा कर जनता को राहत दी जाएगी। सुशासन तिहार को लेकर लोगों में अच्छा उत्साह देखने को मिला है।

### अब निगाहें दूसरे चरण पर

पहले चरण की सफलता के बाद अब सुशासन तिहार के दूसरे चरण की तैयारी शुरू हो गई है, जिसमें आवेदनों का समाधान होगा। प्रशासन का दावा है कि हर आवेदन का पारदर्शी और समयबद्ध समाधान किया जाएगा।

महाआरती के साथ बाजारपारा मंदिर में अखण्ड रामायण का होगा समापन

# हनुमान जन्मोत्सव आज, मंदिरों में गूंजेगा जय वीर हनुमान...

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

श्रीराम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव 12 अप्रैल को भक्तों के द्वारा भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। कोरिया-एमसीबी जिले में स्थित हनुमान मंदिरों में विशेष पूजन एवं अनुष्ठान की तैयारी है।

वहीं कई हनुमान मंदिरों में जयंती के एक दिन पूर्व अखण्ड रामायण की शुरूआत हो गई है,जोकि आज जन्मोत्सव पर अखण्ड रामायण समाप्त होने के बाद आरती एवं भोग चढ़ाया जाएगा तथा कई मंदिरों में भंडारा कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। भगवान हनुमान जन्मोत्सव को लेकर हनुमान मंदिरों में विशेष साज-सज्जा की गई है, जहां आज सभी हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ पूजा -अर्चना के लिए जुटेगी।



बाजारपारा हनुमान मंदिर।

### हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन आज



**मनेन्द्रगढ़।** प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शनिवार 12 अप्रैल को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, सीएमओ बंगले के सामने मनेन्द्रगढ़ में भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर भगवान महाबली हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात श्री हनुमान जय भंडारा का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालुजन के लिए प्रसाद व भोजन की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम का आयोजन संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति एवं क्षेत्र के वार्डवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

### बाल हनुमान मंदिर में आज होंगे विविध कार्यक्रम

श्री-श्री सिद्ध बाल हनुमान मंदिर हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी आचार्य अशोक मिश्रा ने बताया कि 12 अप्रैल शनिवार को प्रातः 10 बजे से पूजा-अर्चना आरंभ होगी, इसके उपरांत दोपहर 1 बजे से प्रभु इच्छा तक भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसी दिन शाम 7 बजे से भव्य महाआरती की जाएगी। शाम 7:30 बजे से सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन होगा। चनवारीडांड़ गौटियापारा मनेन्द्रगढ़ मंदिर के पुजारी अशोक मिश्रा ने समस्त श्रद्धालुओं से उपरोक्त आयोजन में सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया है।

### श्रीराम मंदिर मैदान में होगा अखंड हरिनाम संकीर्तन

नगर में युवा आदर्श परिवार के तत्वाधान में एक भव्य और विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के साथ संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन आयोजित किया जा रहा है, जो श्रीराम मंदिर मैदान में संपन्न होगा। युवा आदर्श परिवार ने समस्त नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।






# दूसरे दिन भी गरज के साथ हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शुक्रवार को अपरानह फिर मौसम के करवट बदलने से कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी तो कही पर बौछार पड़ी। इस दिन सुबह होने के साथ ही आसमान साफ रहा और सूर्य की किरण चमकता रहा।

अपरान्ह बाद अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला और इसके चलते आसमान में काले घने बादलों के बीच गड़गड़ाहट शुरू हो गई, इसके चलते जिले के कई जगहों पर बूंदाबांदी तो कही पर हल्की बौछार भी हुई। इस दिन अधिकतम तापमान 36 तथा न्यूनतम 19 डिग्री रही। मौसम विभाग के अनुसार 12 अप्ररैल को मौसम पूरी तरह से साफ हो जाएगी और तापमान में बढ़ोतरी होगी, जिससे कि लोगों को गर्मी का सामना करना पडेगा। इससे लोगों की सेहत पर भी असर पड़ रहा है।

### भक्ति में डूबे श्रद्धालु

श्रीराम भक्त हनुमान शक्ति के प्रतीक है और हनुमान जयंती के एक दिन पूर्व 11 अप्रैल को कोरिया एमसीबी जिले के कुछ प्रमुख हनुमान मंदिरों में भक्तों के द्वारा अखण्ड रामायण का पाठ प्रारंभ किया गया, जो जयंती के अवसर पर समाप्त होगा और मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण के साथ भंडारा कार्यक्रम आयोजित है।

# लक्ष्य से अधिक राजस्व मिला खनिज विभाग को



**मनेन्द्रगढ़।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनिज विभाग जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ने लक्ष्य से ज्यादा राजस्व प्राप्ति की है। संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म, अटल नगर नवा रायपुर द्वारा जिले के लिए 75 करोड़ रूपए का वार्षिक राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरूद्ध विभाग ने 78.92 करोड़ रूपए की राजस्व वसूली कर 105 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की है। यह सफलता विभाग की योजनाबद्ध कार्यशैली, सतत निगरानी और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण का प्रतिफल है। खनिज विभाग द्वारा जिले में संचालित मुख्य खनिज कोयला सहित गौण खनिज-गिट्टी (साधारण पत्थर) रेत आदि की नियमित निगरानी की गई। साथ ही अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र भ्रमण को लगातार प्राथमिकता दी गई।

# उज्जैन ओंकारेश्वर तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए 90 श्रद्धालु

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 2025-26 के अंतर्गत छग शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा सरगुजा संभाग की प्रथम तीर्थ यात्रा का शुभारंभ 10 से 13 अप्रैल तक किया गया है।

इस यात्रा में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के कुल 90 तीर्थयात्री उज्जैन, ओंकारश्वर और महाकालेश्वर के दर्शन के लिए विशेष बस से रवाना हुए। प्रातः 10 बजे स्थानीय आत्मानंद विद्यालय मनेन्द्रगढ़ के समीप स्थित जिला समाज कल्याण विभाग कार्यालय से यात्रियों को नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा एवं नवनिर्वाचित पार्षदों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस योजना के तहत जिले के सभी जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पंचायत और नगर पालिका क्षेत्रों से 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध महिला-पुरूष, परित्यक्ता एवं विधवा महिलाएं जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तीर्थ यात्रा के लिए चयनित किया गया है। शासन का उद्देश्य उन लोगों को तीर्थ यात्रा का अवसर प्रदान करना है जो आर्थिक तंगी के कारण स्वयं यात्रा करने में असमर्थ हैं। यात्रा की शुभ शुरूआत के अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक आरके सिन्हा सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं को भावभीनी विदाई दी गई और उनके सुखद, सुरक्षित व आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा की कामना की गई।



### छात्रों ने ओलंपियाड परीक्षा में दिखाया कमाल



**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्टीय गणित ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा में विद्यार्थियों को उनकी विशिष्टता और उत्कृष्टता के आधार पर स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विशिष्टता का स्वर्ण पदक कक्षा दूसरी के रिशान सराफ और विधान गजवानी तथा कक्षा सातवीं के मोहम्मद अब्दुल्ला को प्राप्त हुआ। वहीं उत्कृष्टता का स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा दूसरी प्रकृति सिधर, शोरजो पाल, वनीषा, कक्षा तीसरी वैदिक तिवारी, रिदम अग्रवाल, जसनीत सिंह अरोरा, कक्षा चौथी रेयांश पोद्दार, काशवी अग्रवाल, बर्बरीक चौहान, कक्षा पांचवी श्रव्या साहू, अर्पित पटेल, अरनिल कौर चावला,क्षा छठवीं आरना अग्रवाल, कनिष्का सराफ, नित्या गुप्ता , कक्षा सातवीं श्यामक अग्रवाल, सन्वि केसरवानी, मोहम्मद अब्दुल्ला, आरव जैन, कक्षा आठवीं शांभवी शांडिल्य, कक्षा दसवींः लीजा दीवान शामिल हैं।

बोर्ड परीक्षाओं का चल रहा मूल्यांकन

# जेडी ने बोर्ड मूल्यांकन केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- **उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रगति पर पाया गया**

सरगुजा संभाग के संयुक्त संचालक लोक शिक्षण हेमंत उपाध्याय ने 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान 12 वीं कक्षा के जीव-विज्ञान एवं अर्थशास्त्र तथा 10 वीं कक्षा के संस्कृत विषय की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रगति पर पाया गया। इस दौरान श्री उपाध्याय ने केन्द्र में उपस्थित हेड वेल्यूवर, डिप्टी वेल्यूवर एवं अन्य मूल्यांकनकर्ताओं को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर मूल्यांकन कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मूल्यांकन केन्द्र की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे संतोषजनक बताया। निरीक्षण के समय जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सुशासन तिहार के नोडल अधिकारी के रूप में श्री उपाध्याय ने अपने नोडल जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर वहां की शासकीय योजनाओं और क्रियान्वयन की स्थिति का निरीक्षण किया।



बोर्ड मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण करते संयुक्त संचालक हेमत उपाध्याय।

# भाजपा का 45 वां स्थापना दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



भारतीय जनता पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा मनेन्द्रगढ़ मंडल द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 10 में वरिष्ठ नागरिकों और समर्पित कार्यकर्ताओं के सम्मान में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम की शुरूआत नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक मजबूती और समाज सेवा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कार्यकर्ताओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा, पूर्व पार्षद सरजू यादव, वार्ड पार्षद श्रीमती नीलू जायसवाल ने भी अपने-अपने विचार रखे एवं पार्टी की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक मनीचंद्र ताम्रकार, पवन पोद्दार, छकौड़ी लाल केशरवानी, संदीप दुआ, अनुपमा निशि, सतीश उपाध्याय, शकुंतला जायसवाल, लाला सोनी, पुरूषोत्तम गुप्ता, राम प्रसाद नामदेव, माधव प्रसाद ताम्रकार, संतोष जैन, मुनिया केवट, कलावती केवट, कमली बाई को अंगवस्त्र व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही वृद्धाश्रम में जाकर स्वल्पाहार व फल वितरण कर सेवा कार्यों को भी प्राथमिकता दी गई। कार्यक्रम में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और स्थापना दिवस सप्ताह को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया। मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा ने कहा कि भाजपा आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बन चुकी है ।

## खबर संक्षेप



### हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर अखंड रामायण प्रारम्भ

**बिश्रामपुर।** नगर के संकटमोचन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर शुक्रवार को अखंड रामायण पाठ प्रारम्भ हो गई है।गौरतलब है कि संकटमोचन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 अप्रैल शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में 11 अप्रैल शुक्रवार प्रातः 9 बजे से अखण्ड रामायण प्रारंभ कर दिया गया है।आज 12 अप्रैल शनिवार प्रातः 8 बजे से सहस्त्रार्चन पूजन एवं अभिषेक एवं दोपहर 12 बजे से हवन पूजन एवं अखण्ड रामायण पाठ समापन किया जाएगा।इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से अखण्ड भण्डारा प्रारंभ किया जाएगा। इसी तरह ग्राम पंचायत पार्वतीपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 किनारे स्थित हनुमान मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है।यहां पर भी शुक्रवार 11 अप्रैल से अखंड रामायण पाठ शुरू कर दिया गया है।12 अप्रैल शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर सहस्त्रार्चन के साथ विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इसके पश्चात अखंड रामायण पाठ समापन उपरांत भंडारा का आयोजन किया जाएगा।हनुमान जन्मोत्सव को लेकर हनुमान मंदिरों में जोर शोर से तैयारी करते हुए आकर्षक झालरों से सजाया गया है।

### बलराम बने अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के बार रूम में शुक्रवार की दोपहर अधिवक्ता बार संघ का चुनाव सम्पन्न हूआ



जिसमें शिवनन्दनपुर शान्तिनगर निवासी बलराम शर्मा ने जीत हासिल कर ली है,उन्होंने अपने चुनावी प्रतिद्वंदी दो बार के अध्यक्ष रह चुके अधिवक्ता जीएस मिश्रा को 47 वोटों से हराया है,चुनाव अधिकारी अधिवक्ता एके वर्मा, राजेंद्र यादव, मुख़्तार तिवारी व समीद खान की मौजूदगी में बार संघ का चुनाव सम्पन्न हूआ जिसमें मिश्रा गली सूरजपुर निवासी अधिवक्ता जीएस मिश्रा को 85 वोट व अधिवक्ता बलराम शर्मा को 132 वोट प्राप्त हुए हैं, इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता अवधेश शुक्ला व पुनिता देवांगन ने जीत हासिल की एवं सचिव राजेश गोयल चुने गये हैं।गौरतलब है कि पिछली बार के बार संघ चुनाव में भी अध्यक्ष पद के लिये अधिवक्ता जीएस मिश्रा व बलराम शर्मा के बीच सीधा मुकाबला था,पिछले चुनावी निकटतम मुकाबले में अधिवक्ता बलराम शर्मा मात्र 5 वोटों से हार गये थे।

### सर्वे पर रोक लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**प्रतापपुर।** एसईसीएल भटगांव क्षेत्र के अधिसूचित नवीन मदननगर खदान परियोजना के लिए नियम को दरकिनार कर भूमि अधिग्रहण के लिए बलपूर्वक सर्वे कराए जाने से परेशान ग्रामीणों ने आज कलेक्टर के नाम एसडीएम ललिता भगत को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने सर्वे पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। भटगांव क्षेत्र के अधिसूचित मदन नगर खदान परियोजना के प्रभावित कनक नगर, जगन्नाथपुर, मदन नगर के जनप्रतिनिधि एवं प्रभावित लोगों ने एसडीएम ललिता भगत को सौंपे ज्ञापन में बताया कि खान प्रबंधन द्वारा बिना ग्राम सभा एवं मूल भू स्वामी के सहमति के जबरिया सर्वे किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर गाली गलौज और धमकी दिया जा रहा है कि सहमति के बिना पुलिस बल के सहयोग से सर्वेक्षण कार्य कराएंगे। प्रभावित ग्रामीणों ने एसडीएम से ग्राम सभा के सहमति बगैर किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम, सरपंच कनकनगर शिव प्रसाद, मदन नगर सरपंच बाबूलाल, अधिवक्ता अनुज प्रताप सिंह , अनिल कुमार सिंह, पुष्पराज सिंह, कालीचरण, बच्चा लाल, राम प्रसाद, जयमंगल सिंह, बनवारी खलखो, नंदलाल, सोनसाय, परमेश्वर, फूलसाय, शिवप्रसाद, रामकेवल समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## बिजनेस प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में छ.ग.के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.भुवन शर्मा,



स्पाईन एण्ड पेन मैनेजमेंट डॉ.बी मिंज, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार अग्रवाल संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

## 24 में से 23 लोगों ने रखा अपना पक्ष

# हाईकोर्ट के निर्देश पर डीएफओ कार्यालय में दो दिन चली प्रभावितों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन विभाग द्वारा महामाया पहाड़ पर की गई अतिक्रमण कार्रवाई से प्रभावित परिवारों के पक्ष की सुनवाई मंगलवार एवं बुधवार को वन मंडल कार्यालय में की गई। सुनवाई में प्रथम दिवस प्रभावित परिवार के 23 सदस्य उपस्थित हुए। उपस्थित सदस्य भूमि से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

**खास बातें**
- वन भूमि पर निवासरत रहने का दिया साक्ष्य
- प्रस्तुत नहीं कर सके काबिज भूमि का दस्तावेज

महामाया पहाड़ की वन भूमि पर धड़ल्ले से चल रहे अवैध अतिक्रमण का मामला वर्ष 2021 से चल रहा है। वरिष्ठ भाजपा पार्षद आलोक दुबे की शिकायत पर वन विभाग ने अनेको बार जांच कराई एवं व्यापक सर्वे कर अतिक्रमणकारियों की सूचना तैयार की। इस दौरान बीच-बीच में अतिक्रमण हटाने का मुद्दा उठता रहा। प्रदेश सरकार के निर्देश पर कई बार अतिक्रमण हटाने की तैयारी भी हुई लेकिन प्रशासन हिम्मत नहीं जुटा सका। राज्य सरकार के वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों की पहल पर प्रशासन ने जनवरी में अतिक्रमणकारियों को अंतिम नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर तथा अवैध रूप से निर्मित 42 मकानों को ध्वस्त कर दिया। विभाग की कार्रवाई के विरोध में प्रभावित परिवारों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने वन मण्डलाधिकारी को प्रभावितों के पक्ष की सुनवाई करने का निर्देश दिया है। इसके पूर्व भी हाई कोर्ट के निर्देश पर कुछ पीड़ितों ने अपना पक्ष रखा था। इस बार 24 पीड़ितों ने याचिका लगाई थी जिसमें 23 लोगों ने डीएफओ कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा। इस दौरान पीड़ितों ने भूमि स्वामित्व से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। पीड़ित आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं बच्चों के स्कूल फीस की रसीद देकर वन भूमि में वर्षो से निवासरत रहने का साक्ष्य प्रस्तुत किया। एक दिन पूर्व समुदाय के अधिवक्ता ने प्रभावित भूमि को नजूल भूमि का होने एवं दस्तावेज उपलब्ध होने का दावा किया था। इस दौरान अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई से प्रभावित लोगों ने वन मण्डलाअधिकारी कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर उनकी बात नहीं सुनने का आरोप लगाया था लेकिन कोई भी पीड़ित सुनवाई में भूमि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई से प्रभावित परिवार बेघर हो गए है तथा खानाबदोश जीवन की रहे है लेकिन अभी भी लोग उन्हें काबिज भूमि मिलने का भरोसा देर रहें है।



सुनवाई में उपस्थित प्रभावित लोग।

**60 लोगों को अंतिम नोटिस**

वन विभाग की जांच में महामाया पहाड़ पर 582 अतिक्रमण मिले हैं जिनमें 108 लोगों को 39.785 हेक्टेयर का वन अधिकार पट्टा एवं 8 लोगों को ननि द्वारा पट्टा जारी किया गया है। वन विभाग द्वारा जांच उपरांत 74 लोगों को अतिक्रमण हटाने जबकि 60 लोगों को अंतिम नोटिस जारी की गई थी। सालाना गूगल मैप की जांच से वर्ष 2005 के बाद बड़े पैमाने पर अवैध अतिक्रमण होने की पुष्टि हुई थी। प्रभावित क्षेत्र के लोग पहाड़ की भूमि नजूल होने का दावा कर रहे हैं वहीं वन विभाग अधिकारियों का कहना है कि विभाग का ---- यह बताने के लिए काफी है कि पहाड़ की भूमि वन भूमि है।

**भटका रहे पार्षद**

भाजपा पार्षद आलोक दुबे के नेतृत्व में मंगलवार को एक प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल एवं वनमण्डलाधिकारी टी शेखर से मिला तथा ज्ञापन सौंपकर हाईकोर्ट के निर्देश का हवाला देकर डीएफओ पर अनावश्यक दबाव बनाने का आरोप लगा कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों ने बताया कि तत्कालीन कलेक्टर ने शिकायत पर वन विभाग की पांच सदस्य समिति बनाई थी। समिति ने 20 दिसंबर 2021 को जांच रिपोर्ट सौंपी थी जिसके आधार पर 42 मकान टूटे हैं। मामले में तत्कालीन डीएफओ मो. शाहिद द्वारा 60 लोगों को 15 मई 2017 को अंतिम नोटिस जारी किया गया था। जिसका क्रियान्वयन जनवरी 25 में किया गया। जांच रिपोर्ट ननि के तत्कालीन जन प्रतिनिधियों द्वारा वन भूमि में 8 लोगों को राजीव गांधी आश्रय योजना पट्टा जारी करने का उल्लेख किया गया है। इसके बाद श्रीगढ़ एवं नवागढ़ के पार्षद हाईकोर्ट का हवाला देकर डीएफओ पर अनावश्यक दबाव बना रहें है। तत्कालीन कलेक्टर संजीव कुमार झा ने वन विभाग के साथ संयुक्त कलेक्टर श्रीमती तनुजा सलाम के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम गठित कर राजस्व भूमि की जांच कराई थी। जन प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से मामले में हितबद्ध पक्षकार नहीं के बावजूद असंवैधानिक तरीके से डीएफओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

**की गई कार्रवाई**

मंगलवार एवं बुधवार को पक्षकारों की सुनवाई की गई। कोई भी पक्षकार भूमि के स्वामित्व संबंधी कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सका है।
**-थेझस शेखर**, डीएफओ



# सदर रोड में नाली की समस्या को दूर करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने शुक्रवार को सदर रोड का निरीक्षण कर व्यवसायियों से मुलाकात कर उनसे चर्चा की। इस दौरान व्यापारियों ने नाली की वर्षों पुरानी समस्या से अवगत कराते हुए सुधार की मांग की। मेयर ने अधिकारियों को यथा शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

- महापौर ने किया वार्ड का निरीक्षण

बता दें कि शुक्रवार को महापौर श्रीमती मंजूषा भगत विवेकानंद वार्ड की पार्षदी श्रीमती सुषमा गुप्ता के साथ सदर रोड के निरीक्षण पर पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने वार्डवासियों और व्यवसायियों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने बताया कि शहर के सदर रोड में वर्षों से नाली की समस्या बनी हुई है। नालियां जाम पड़ी हुई है और गंदा पानी लोगों के घरों में जाता है। इससे घरों को भी नुकसान हो रहा है। सड़क की हालत जर्जर है और आवागमन में दिक्कतें होती है। विवेकानंद वार्ड के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सदर रोड एवं देवीगंज रोड मुख्य मार्ग में वर्षों से व्याप्त नाली की समस्या को दूर करने के लिए अधिकारीयों को निर्देश दिया। इसके साथ साथ ही उन्होंने वार्ड वासियों की अन्य समस्याओं को यथाशीघ्र निराकृत करने का आश्वासन दिया। इस दौरान रोचक गुप्ता, नवीन बंसल, इमरान अहमद, नवीन केशरी, राजेश गुप्ता, विजय सोनी, विनोद अग्रवाल, राजा गुप्ता, तौसीफ अंसारी एवं अन्य वार्डवासी उपस्थित रहे।

# तीन दिन से लापता ग्रामीण का मिला सड़ा गला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

ग्राम जजगी स्थित उद्यान विभाग जाने वाले रास्ते के कर्मकट्टरा जंगल के गड्ढे में सूखे पत्तियों से ढका हुआ ग्रामीण का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग्रामीण तीन दिन पूर्व न्यायालय में जमीन का दस्तावेज निकालने गया था जिसके बाद वापस नहीं लौटा। ग्रामीण की हत्या या एक्सीडेंट हुआ इसे लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

- हत्या या एक्सीडेंट, जांच में जुटी पुलिस

पुलिस के मुताबिक उदयपुर के अलकापुरी निवासी जिरजोधन उरांव (56 वर्ष) 8 अप्रैल की सुबह 10 बजे घर से अंबिकापुर न्यायालय में जमीन का नकल निकलवाने के लिए निकला था। जिसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजन ने जिरजोधन के घर नहीं लौटने और कहीं पता नहीं चलने पर उदयपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया था। साथ ही खोजबीन में लगे रहे। शुक्रवार की दोपहर 2 बजे कुछ लोगों ने ग्राम जजगी उद्यान विभाग मार्ग एनएच 130 से 200 मीटर की दूरी जंगल के गड्ढे में सूखे पत्तों से ढका शव देख घटना की



सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने परिजन को बुलाकर शव का शिनाख्त कराया तो परिजन ने मृतक की पहचान जिरजोधन उरांव के रूप में किया। शव बुरी तरह से सड़ गल चुका था। इधर जंगल में सड़ा गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और लोगों ने हत्या की आशंका जताई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीण की हत्या की गई या सड़क दुर्घटना से मौत हुई है इसे लेकर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि ग्रामीण की हत्या हुई या सड़क दुर्घटना से मौत हुई इसका खुलासा पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकता है। बहरहाल पुलिस सभी पहुंलुओं से जांच में जुट गई है।



### शहर भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के तहत चलाया स्वच्छता अभियान

**सूरजपुर।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश व जिला के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा के तहत नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित चौपाटी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत, स्वच्छ सूरजपुर-स्वस्थ सूरजपुर का सन्देश के साथ पूर्व नपा अध्यक्ष एवं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू की उपस्थिति एवं मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा के नेतृत्व मे शहर भाजपा के पदाधिकारी व पार्षदो ने शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान चलाया तथा लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपा पदाधिकारियों ने हाथों में झाड़ू थाम कर चौपाटी व पुराना बस स्टैंड परिसर का सफाई किया। इस दौरान डॉ एचएन चतुर्वेदी, थलेश्वर प्रसाद साहू,अरविंद मिश्रा, मुकेश गर्ग, प्रमोद तायल, ललन राम सोनवानी, प्यारेलाल साहू, पंकज चौबे, मंडल महामंत्री आनंद सोनी, राजू देवांगन, शिवशंकर साहू, संस्कार अग्रवाल, अजय सिंह, भूपेंद्र राजवाड़े, श्रीमती सरोज साहू, किशन देवांगन, लक्ष्मण कसेरा, रंजन सोनी, विकास अग्रवाल, अजय मित्तल, यस अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुद्रा योजना से व्यवसाय कर संवारी जिन्दगी, पीएम ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

प्रधान मंत्री मुद्रा योजना में बेहतर प्रदर्शन करने पर नगर की महिला को देश के पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने का मौका मिला। इस दौरान पीएम श्री मोदी ने योजना के जरिए कपड़े का व्यवसाय कर आय अर्जित करने पर नेहा मैचिंग की संचालक श्रीमती नेहा शaर्मा को पीएम ने सम्मानित किया।

- नगर की नेहा केशरी को मिला प्रधानमंत्री से मिलने का मौका

बता दें कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहित करना और समावेशी और टिकाऊ आर्थिक विकास मॉडल को बढ़ावा देना है। पीएम मुद्रा लोन योजना छोटी दुकानों सहित छोटे व्यवसायों को 10 लाख रूपए तक का लोन प्रदान किया जाता है। इसी योजना के तहत नगर की श्रीमती नेहा केशरी को वर्ष 2017 में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी। इस योजना के तहत मिली राशि से नेहा केशरी द्वारा कपड़े का व्यवाय किया गया और नेहा मैचिंग के नाम से दुकान का संचालन कर खुद को आर्थिक रूप से सशक्त किया। इस बीच पीएम मुद्रा योजना के दस वर्ष पूर्ण होने पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आवास में देश की चयनित महिलाओं को मिलने और सम्मान पाने का मौका मिला। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया राजपुर शाखा के प्रबन्धक देवाशीष बाकरे ने बताया कि इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ से दो हितग्राहियों का चयन हुआ था। इनमें बलरामपुर जिले के राजपुर विकासखंड से नेहा केशरी को भी चयनित किया गया और नई दिल्ली पीएम आवास में नेहा केशरी को पीएम से मिलने और सम्मानित होने का अवसर मिला है। इसके साथ ही नेहा प्रदेश की अन्य महिलाओं के लिए भी महिला शसक्तीकरण की मिशाल पेश की है। श्रीमती नेहा केशरी ने अपने कपड़ा व्यवसाय (नेहा मैचिंग) को मेहनत और लगन से आगे बढ़ाया। वर्तमान में पुनः सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा एक नई युनीट (क्रीस्टल क्लीन ड्राई क्लीनिंग) हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की गई। इस उपलब्धि से तहसील राजपुर एवं जिला बलरामपुर के महिलाओं एवं युवाओं का अपना व्यवसाय का स्टार्ट-अप करने एवं आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिलती है।




# दूर है ससुराल और बाजार, चाहिए मोटर साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सुशासन तिहार के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों द्वारा किए गए अजीबो गरीब आवेदन चर्चा का विषय बन गए है। प्रदेशभर में अलग अलग तरह के मांग और शिकायतों से जुड़े आवेदन सामने आ रहे है और ऐसा ही एक आवेदन सरगुजा जिले के मैनपाट विकासखंड से भी सामने आया है। मैनपाट के युवक ने ससुराल जाने के लिए एक बाइक दिलाने की मांग प्रदेश सरकार से कर दी है। युवक का यह आवेदन अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

- सुशासन तिहार में युवक का अनोखा आवेदन, सोशल मीडिया में हो रहा वायरल



बता दें कि आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान और उनसे रूबरू मुलाकात के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रदेश स्तर पर सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। यह सुशासन तिहार 8 अप्रैल से 31 मई तक चलेगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मांग और शिकायती आवेदन लिए जा रहे है और जिले में अब तक कुल 14426 आवेदन प्राप्त हुए है। इस बीच सरगुजा जिले से एक आवेदन चर्चा में है और ऐसा इसलिए क्यों कि युवक ने सुसराल जाने के लिए प्रदेश सरकार से एक मोटर साइकिल दिलाने की मांग की है। मैनपाट के कमलेश्वरपुर अंतर्गत कदनई निवासी अजेश कुमार ठाकुर ने सुशासन तिहार में दिए आवेदन में लिखा है कि उसका ससुराल और बाजार घर से काफी दूरी पर है इस लिए उसे अपने ससुराल और बाजार जाने के लिए एक बाइक की आवश्यकता है। युवक ने अपनी निर्धनता का हवाला देते हुए शासन से एक मोटरसाइकिल दिलाने की मांग की है ताकि वह बाजार और ससुराल जा सके। युवक का कहना है कि उसने पांचवी तक की पढाई की है और उसने यह आवेदन गांव के ही एक परिचित व्यक्ति से लिखवाया है। हालांकी इस मामले में अधिकारियों का कहना है कि उन्हें आवेदन तो मिला है और उसे निराकरण के लिए भेजा भी जाएगा लेकिन योजना में इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है।

# कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंच सुनी समस्याएं

**बिश्रामपुर।** सुशासन तिहार के तहत भाजपा के गांव बस्ती चलो अभियान अंतर्गत कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने शुक्रवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंच लोगों की समस्याओं को सुना है। साथ ही विभागीय अधिकारियों को तत्काल आमजन की आवश्यकता को पूरा किए जाने निर्देशित किया है।



गौरतलब है कि कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा अपने भटगांव विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में सप्ताह में दो दिन दौरा किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए बकायदा रथ तैयार कर लोगों को एक दिन पूर्व संबंधित गांव में पहुंच सूचित किए जाने का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ग्राम पंचायत शिवसागरपुर, कसलगिरी, पार्वतीपुर, गणेशपुर व अजबनगर के ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर उनके समस्याओं से रूबरू हुईं। साथ ही त्वरित निदान किए जाने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। कई स्थान पर आम ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर उनके सुख दुख को साझा किया, तो कहीं पर हिन्दू उरांव समाज द्वारा आयोजित सरहुल पूजा गणेशपुर में शामिल होकर मांदर के थाप पर आदिवासी बहनों के साथ कदम से कदम मिलाकर नृत्य किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री गणेशराम भगत, जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव, सुरजपुर जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति संत सिंह, जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, जनपद सदस्य स्वाति राजवाड़े, सीमा सिंह, मनी बग्गा के अलावा विकास खंड के सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित आमजन उपस्थित उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411